सुविचार
सफलता सब कुछ एक बार में करने से नहीं मिलती। ये हर दिन सही चीजें करने से आती है।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

कुल पेज 18 | राजस्थान | मूल्य ₹ 5.00 | वर्ष 8, अंक 158, महानगर

सेंसेक्स	73,730.23		+740.30
डॉलर	87.06		-0.13

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

	अधिकतम	न्यूनतम	आज का अनुमान (न्यूनतम)
जयपुर	27.0	13.4	14.0
दिल्ली	27.8	15.0	12.0
मुंबई	37.4	19.4	19.0

dainikbhaskar.com | झुंझुनूं, गुरुवार, 6 मार्च, 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष-7, 2081 | 12 राज्य | 61 संस्करण

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं, गुरुवार, 6 मार्च, 2025 | झुंझुनूं - चिड़ावा - पिलानी | गुढ़ागौड़जी - बुहाना - सूरजगढ़ | dainikbhaskar.com

शहर-समाज

दैनिक भास्कर, झुंझुनूं, गुरुवार, 6 मार्च, 2025 | 17

सीरी में आयोजन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में खेलकूद

टेबिल टेनिस स्पर्धा का खिताब छात्रा प्रेरणा ने जीता, क्रिकेट में मिताली राज टीम विजेता

भास्कर न्यूज | पिलानी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सीएसआईआर सीरी पिलानी में स्टाफ क्लब द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्थान की महिला कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष खेल गतिविधियां हुईं। कार्यक्रमों की शुरुआत सीएसआईआर सीरी के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया द्वारा स्वास्थ्य शपथ दिलाने से हुई। उन्होंने सभी महिलाओं को नियमित व्यायाम के लिए प्रेरित किया। डॉ. पंचारिया ने स्टाफ क्लब का ध्वज फहराकर वॉकथॉन का शुभारंभ किया।

पिलानी. प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तैयार महिला खिलाड़ी।

खेलों में टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पीएचडी की छात्रा प्रेरणा ने शानदार प्रदर्शन कर विजेता का खिताब जीता। वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सुमित्रा सिंह उप विजेता रहीं। क्रिकेट प्रतियोगिता में मिताली राज की टीम बेहतरीन प्रदर्शन के साथ विजेता व स्मृति मंधाना की टीम उप विजेता रही। आयोजन के समापन पर पुरस्कार वितरण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सीरी निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने विजेताओं और उप विजेताओं को शील्ड एवं व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए। सीरी महिला क्लब की अध्यक्ष सीमा पंचारिया ने भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा। स्टाफ क्लब सचिव एवं वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. नीरज कुमार ने सभी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।